प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में झारखंड समेत पूरे देश के विद्यार्थियों से किया संवाद, परीक्षा की तैयारियों और तनाव से निपटने के लिए दिए छात्रों को सुझाव ।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रयागराज के महाकुंभ पहुंचीं, त्रिवेणी संगम में आस्था की लगाई डुबकी।
3. रांची स्मार्ट सिटी ने शहर में 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए, बटन दबाते ही मिलेगी मदद।
4. राज्य के चौदह जिलों में आज से चलाया जा रहा है फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान, 25 फरवरी तक खिलायी जाएगी दवा।
5. रांची के कई इलाकों में आज से 14 फरवरी तक जलापूर्ति रहेगी बाधित, रेलवे ओवरब्रिज और सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण पाइपलाइन हो रही स्थानांतरित ।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में झारखंड समेत पूरे देश के विद्यार्थियों से तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को अपने जुनून को तलाशने की आजादी मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव से बचने के लिए समय प्रबंधन और कठिन विषय को स्वयं चुनौती देने की सलाह दी।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। वह डिजिटल महाकुंभ अनुभव केन्द्र में आधुनिक तकनीक के जरिए महाकुंभ के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करेंगी। महाकुंभ में अब तक 43 करोड़ से अधिक श्रद्धालु और तीर्थयात्री त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि महाकुंभ मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है।

इधर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कल महाकुंभ की त्रिवेणी में अपने परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगाई।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने नागरिक सुरक्षा के लिए शहर में 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए हैं। इन पीले रंग के बॉक्स में लाल बटन दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया जा सकता है जिससे सड़क दुर्घटना, अपराध, आगजनी जैसी आपात स्थिति में तुरंत मदद मिलेगी। इस पहल से बिना मोबाइल या नंबर याद रखे भी लोग राहत एजेंसियों से जुड़ सकते हैं। यह सुविधा शहर के प्रमुख चौक–चौराहों पर उपलब्ध कराई गई है।

**********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का उद्घाटन किया । गौरतलब है कि *रनवे टू ए बिलियन अपॉर्च्युनिटीज* की थीम पर आयोजित हो रहे इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा।

**********************

हजारीबाग की चरही घाटी में आज महाकुंभ से लौट रहे तीर्थयात्रियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन महिलाओं की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

**********************

रांची समेत राज्य के 14 जिलों में आज से फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान शुरू हुआ। पाकुड़, कोडरमा, सिमडेगा, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ और लोहरदगा में यह अभियान 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पाकुड़, कोडरमा और सिमडेगा में आइडीए के तहत तीन प्रकार की दवा एल्बेंडाजोल, डीईसी के साथ आइवरमेक्टिन खिलायी जाएगी, जबकि रांची, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ और लोहरदगा में सिर्फ एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलायी जाएगी।

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से इससे बचा जा सकता है।

**********************

राजधानी रांची के होटवार स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज से पंद्रह फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इसका उदघाटन किया। इस मीट में देशभर के अठारह राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों और अर्द्ध सैनिक संगठनों की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**********************

रांची के कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का आज तीसरा और अंतिम दिन है। आज दोपहर होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे।

**********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। फिलहाल वे चिकित्सकों की निगरानी में हैं।

**********************

गुमला जिले में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत सभी पीवीटीजी गांवों में 15 मार्च तक विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है।

**********************

राजधानी रांची के कई इलाकों में आज से 14 फरवरी तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। रेलवे, ओवरब्रिज और सड़क चौड़ीकरण कार्य की वजह से पाइपलाइन स्थानांतरित की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में नयासराय, विधानसभा क्षेत्र, विस्थापित कॉलोनी, सीआरपीएफ कैंप और जगन्नाथपुर गांव शामिल हैं।

**********************